# Annual Activities

# National Service Scheme

## Government College Karsog

***Distt. Mandi H.P ( 175011 )***

## Session :- 2021 - 2022

*" Not Me ........... But You "*









- **<u>Vaccination Camp</u>**
- **31 मई , 2021**

स्वयंसेवियों द्वारा पंचायत वैक्सीनेशन ड्राइव में सहायता की गई ।








- **<u>विश्व पर्यावरण दिवस</u>**
- **5 जून , 2022**
- महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई के द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में पौधा लगाकर एवं पर्यावरण की सुरक्षा व साफ सुथरा रखने के लिए प्रण लिया गया वह लोगों को जागरूक किया ।







- <u>**अंतराष्ट्रीय योग दिवस**</u>
- **21 जून , 2021**

स्वयंसेवियों दवारा वर्चुअल योग से शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया ।







करसोग कालेज में 280 को लगी कोरोना वैक्सीन

- **Vaccination Drive**
- **28 जून , 2021**
- **महाविद्यालय परिसर में रिकॉर्ड 280**
- **व्यक्तियों को लगी वैक्सीन । जिसमे nss इकाई द्वारा सहयोग दिया गया ।**









- **Vaccination Drive**
- **29 जून , 2021**

स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में चले वैक्सीनेशन ड्राइव

के दूसरे दिन भी अपनी सेवाएं दी ।










- **स्वच्छता अभियान**
- **15 जुलाई , 2021**

स्वयंसेवियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पोस्टर तथा घर के पास सफाई कर के जागरूकता अभियान चलाया गया ।







- <u>**Vaccination Drive**</u>
- **22 जुलाई , 2021**

स्वयंसेवी डोली राज एवं एवन द्वारा पंचायत सेरी बंगलो में सहायता की गई ।







- **वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान**
- **31 जुलाई , 2021**

स्वयंसेवीयो द्वारा कोविड वैक्सीनेशन लगाने के लिए लोगो को जागरूक किया गया ।

















- **कैंपस ब्यूटिफिकशन**
- **12 अगस्त , 2021**

स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के परिसर का सौंदर्य करण किया गया ।









- **<u>पौधारोपण</u>**
- **14 अगस्त , 2021**

स्वयंसेवी द्वारा पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प किया गया ।








- <u>**स्वतंत्रता दिवस**</u>
- ***15 अगस्त , 2021***

NSS स्वयंसेवियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर **Block Level Parade** में 16 स्वयंसेवियों द्वारा हिस्सा लिया गया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई ।









- **<u>इंडक्शन प्रोग्राम</u>**
- **13 सितंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नए नामांकित स्वयंसेवियों के साथ इंटरेक्शन किया गया तथा NSS के बारे में प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा जानकारी दी गई ।



# भूकंप के झटकों से हिला करसोग कॉलेज

## महाविद्यालय में एसडीएम की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन

घायल छात्रों को किया रेस्क्यू









- **Mock Drill ( Disaster management )**
- **15 सितंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में NSS स्वयंसेवियो द्वारा अग्निशामक इकाई करसोग , पुलिस प्रशासन करसोग तथा नागरिक चिकित्सालय करसोग के साथ SDM करसोग सन्नी शर्मा के नेतृत्व में disaster managment मॉकड्रिल में भाग लिया गया ।









- **District Level Camp**
- **17 सितंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग के स्वयंसेवियों का जिला स्तरीय कैंप के लिए 6 स्वयंसेवियों का चयन MLSM कॉलेज सुंदरनगर के लिए किया गया ।








महाविद्यालय करसोग में 52वां राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर गुलशन महाजन मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सोनिया चौधरी, बीरबल व वर्षा तथा महाविद्यालय के संगीत कला अध्यापक और वरिष्ठ स्वयंसेवी हितेश, दीपक, सोनिया भी मौजूद रहे। संगीत के 15 छात्राओं ने कार्यक्रम में अपनी प्रसतुति दी। इस कार्यक्रम में ड्रामाटिक क्लब के 20 छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीयों ने भी अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन स्वयंसेवि[redacted]न कार्य सौंपा गया था, उन्होंनें उस कार्य को निष्ठा और अ[redacted]न से संपन्न किया।

G. S. DOORS






- **राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस**
- **24 सितंबर , 2021**


महाविद्यालय में NSS इकाई दवारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस प्राचार्य गुलशन महाजन तथा प्रोग्राम ऑफिसर सौनिया चौधरी एवम् बीरबल सिंह जी के नेतृत्व में मनाया गया ।












- **<u>महात्मा गांधी जयंती</u>**
- **2 अक्टूबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में स्वयंसेवियो द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में सफाई अभियान तथा कैंपस सौंदरीकरण में अहम योगदान दिया ।











- <u>**Sveep Programme**</u>
- **9 अक्टूबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में Sveep के under जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ यमुना शर्मा Mem उपस्थित रहें और महाविद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिका भी शामिल रहें। इसमें NSS Volunteers ने भी भाग लिया और अपने प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से व्यक्त किया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता, Slogan Writting ,Declamation , Panting , Invitation card प्रतियोगिताएं थी। इसमें जो जो छात्र छात्रा First Second and Third आऐ उन्हें पुरस्कार दिये गए। सभी स्वयंसेवीयों ने अपने कार्य को अनुशासन के साथ किया। अतः आज का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



करसोग । शनिवार को राजकीय महाविद्यालय करसोग में असिस्टेंट
रेटर्निंग ऑफिसर सन्नी शर्मा जी के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता
अभियान का शुभारंभ किया गया है स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी
प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के लगभग 600 छात्र इस
बार अपने मताधिकार का उपयोग पहली बार करने जा रहे हैं और इन
विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा इन के माध्यम से परिवार के सभी
सदस्यों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया
गया है जिसमें की रंगोली नारा लेखन पेंटिंग और निमंत्रण पत्र कार्यक्रम
का आयोजन सुबह 10.30 से 12.30 के बीच में किया गया जबकि 12:30
बजे के बाद विद्यार्थियों के द्वारा भाषण प्रतियोगिता और एकल संवाद
प्रस्तुतियां दी जा रही हैं महाविद्यालय के भीतर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत
पहली बार नुक्कड़ नाटक तथा मतदाता जागरूकता के लिए बनाए गए
और नाटक का भी मंचन पहली बार किया जा रहा है आपको बता दें
यह मतदाता जागरूकता के नुक्कड़ नाटक और जागरूकता से संबंधित
गतिविधियां करसोग निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में करवाई जाएंगी
महाविद्यालय विद्यार्थी स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे कृषि क्षेत्र में
गतिविधियों के माध्यम से मंडी लोकसभा उपचुनाव के अंतर्गत मतदाता
को जागरूक करने जा रहे हैं आज कार्यक्रम की इस दौरान महाविद्यालय









संदेश करसोग कॉलेज में मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

'करसोग करे शतप्रतिशत मतदान' कार्यक्रम शुरू

इस बार 600 नए छात्र डालेंगे वोट

कॉलेज में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन

सोलन-सिरमौर

- <u>**मतदाता जागरूकता अभियान**</u>
- **10 अक्टूबर , 2021**
- **महाविद्यालय करसोग में SDM करसोग सन्नी शर्मा तथा प्रोग्राम ऑफिसर सोनिया चौधरी एवं बीरबल सिंह के नेतृत्व में NSS इकाई करसोग ने लोकसभा चुनावों के लिए लोगो को जागरूक किया**












- **श्रम दान**

- **13 अक्टूबर – 14 अक्टूबर , 2021**

स्वयंसेवियो द्वारा **चंडी माता मंदिर सनारली** में आयोजित भंडारे में सेवाएं प्रदान की तथा मंदिर कमेटी द्वारा स्वयंसेवियो के कार्य की सराहना की गई ।











करसोग महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट के निखिल शर्मा का प्रिआरडी कैंप में हुआ चयन

करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग से एनएसएस यूनिट के निखिल शर्मा का चयन प्री आरडी कैंप के लिए हुआ जिसके चलते वालंटियर निखिल शर्मा जयपुर राजस्थान में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय एनएसएस इकाई की प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय सेवा योजना करसोग के लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय से एक छात्र चयनित होकर जयपुर राजस्थान में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे उन्होंने कहा कि यह हमारे कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सोनिया चौधरी के सहयोग से यह संभव हो पाया है एनएसएस यूनिट करसोग ने अधिकारी डॉक्टर सोनिया चौधरी का तहे दिल से धन्यवाद किया है और निखिल शर्मा को भी बहुत बहुत बधाई और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



निखिल शर्मा प्री आरडी शिविर को सिलेक्ट

करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग से एनएसएस के लिए गर्व की बात है कि महाविद्यालय करसोग से निखिल शर्मा का चयन प्री आरडी शिविर के लिए हुआ है। यहां बता दें कि राजकीय महाविद्यालय करसोग का यह स्वयंसेवी शास्त्र निखिल शर्मा जयपुर राजस्थान में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगा। यह राष्ट्रीय सेवा योजना करसोग के लिए ही नहीं अपितु करसोग क्षेत्र के लिए गर्व की बात है महाविद्यालय के प्रधार्य डाक्टर गुलशन महाजन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर बीरबल तथा सहयोगी डाक्टर सोनिया चौधरी ने एनएसएस के छात्र निखिल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह लग्न तथा मेहनत के चलते चयन हुआ है जो महाविद्यालय के लिए भी अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा का रास्ता दिखाएगा उन्होंने कहा कि निखिल शर्मा पी आर डी शिविर में मिला अनुभव लेकर महाविद्यालय करसोग के अन्य छात्रों को भी जागरूक करेगा यह जानकारी एनएसएस प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने देते हुए कहा के एनएसएस के छात्र निखिल शर्मा के चयन होने पर विद्यार्थियों का उत्साह भी बढ़ा है।

- **Pre – RD Camp**
- **17 अक्टूबर , 2021**

महाविद्यालय से एक स्वयंसेवी का चयन **Pre - RD Camp** के लिए हुआ था vol. निखिल शर्मा ने यह कैंप 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक *जयपुर (राजस्थान)* में लगाया जिसमें vol. निखिल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।










- <u>**Clean India अभियान**</u>
- **19 अक्टूबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में 1 से 30 October तक चल रहे क्लीन इंडिया अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया । जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवीयों द्वारा adopted village सानना में पौधारोपण किया गया था । उस स्थान में जाकर पौधों की देखभाल की और महाविद्यालय के परिसर की सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करवाया जिसमें सभी स्वयंसेवीयों ने बढचढ कर भाग लिया ।





करसोग कालेज में सजी मेहंदी प्रतियोगिता





- <u>**Clean India अभियान**</u>
- **23 अक्टूबर, 2021**
- महाविद्यालय करसोग की Nss की इकाई ने 1 से 30 October तक चल रहे Clean India के अन्तर्गत यह मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई, जिसमें लगभग 20 स्वयसेवी प्रतिभागी रहे जिन्होंने महाविद्यालय की अध्यापिकाओं के हाथों में मेंहदी लगाई। आज इस मौके पर हमारे बीच प्रो सुमेधा ,प्रो.रूचि,प्रो लता ,प्रो रूचि,प्रो सोनिया ,प्रो वनदना , ,प्रो रीनू उपस्थित रही और इसके अलावा इस मौके पर अन्य छात्राओं के हाथों में भी मेंहदी लगाई गई। परे कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी सीथ रहे और वालटियर्स का मार्गदर्शन करते रहे और अंत में सभी की मेंहदी का मूल्यांकन भी किया गया



करसोग कॉलेज में मेहंदी स्पर्धा आयोजित

**करसोग।** करसोग महाविद्यालय में शनिवार 23 अक्तूबर को एनएसएस की इकाई ने 1 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक चल रहे क्लीन इंडिया अभियान के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 20 स्वयंसेवी प्रतिभागी रहे जिन्होंने महाविद्यालय की अध्यापिकाओं के हाथों में मेंहदी लगाई। इस मौके पर प्रो. सुमेधा, प्रो.रुचि, प्रो. लता, प्रो. सोनिया, प्रो. वंदना, प्रो. रीनू उपस्थित रही और इसके अलावा इस मौके पर अन्य छात्राओं के हाथों में भी मेंहदी लगाई गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी मौजूद रहे और वालंटियर्स का मार्गदर्शन करते रहे और अंत में सभी की मेहंदी का मूल्यांकन भी किया गया। कार्यक्रम समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया।









- **Election Duty Of Member of Parliament**
- **30 अक्टूबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग के राष्ट्रीय सेवा ईकाई के स्वयंसेवीयों ने पोलिंग बूथ में अपनी सेवाएं दी ।








- **Vaccination Drive**
- **18 नवंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में वैक्सीनेशन हुई जिसमें 30 विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई इसमें महाविद्यालय करसोग के एनएसएस स्वयंसेवीयों ने अपनी भूमिका निभाई । स्वयंसेवीयों की प्रशंसा चिकित्सकों द्वारा की गई ।









# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शपथ समारोह आयोजित

करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग में 15 तारिक से 31तारिक तक चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को महाविद्यालय करसोग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी द्वारा संविधान के प्रति शपथ समारोह आयोजित किया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 70 स्वयंसेवियों द्वारा संविधान के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की शपथ ली गई।



- **राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भावना दिवस**
- **19 नवंबर - 25 नवंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में साप्ताहिक रूप से चल रहे राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान दिवस का समापन किया गया |जिसमें कि हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया|इस कार्यक्रम में विभिन्न विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई थी जैसे की भाषण प्रतियोगिता ,निबंध लेखन प्रतियोगिता, एकल सॉन्ग इत्यादि|जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवी को विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया | आज का यह कार्यक्रम अध्यापकों और स्वयंसेवी के सहयोग से संपन्न हुआ |



एक नजर

करसोग कालेज में 64 छात्रों को लगी वैक्सीन

करसोग। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को कोरोना बचाव को लेकर जहां विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूक किया गया। वहीं इस मौके पर लगभग 64 विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन करने का भी कार्य पूरा किया गया। इस बारे राजकीय महाविद्यालय करसोग एनएसएस प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया की कोविड 19 के बचाव को लेकर सरकार द्वारा जो वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है उसमें सभी को यह टीकाकरण करवाने के लिए सहयोग करना चाहिए ताकि इस महामारी से सभी लोग सुरक्षित हो सके। पूजा ठाकुर ने कहा कि कोविड-19 का बचाव जहां जागरूकता है वहीं सरकार द्वारा की जा रही वैक्सीनेशन भी है जो पूरी तरह सुरक्षित तथा एक अरब से भी ज्यादा लोगों को यह टीकाकरण किया जाना महत्वपूर्ण सफलता उपलब्धि है एनएसएस के कार्यकर्ताओं ने सभी लोगो से आग्रह किया कि वे 30 नवंबर तक जो डबल डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है उसे पूरा करने के लिए अपना सहयोग दें



## महाविद्यालय करसोग में 64 विद्यार्थियों ने लगाई कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज

करसोग। सोमवार को महाविद्यालय करसोग में वैक्सीनेशन हुई जिसमें महाविद्यालय के 64 विद्यार्थियों को कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। एन एस एस की प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वहीं इसमें महाविद्यालय करसोग के एनएसएस स्वयंसेवीयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके चलते सभी स्वयंसेवीयों की प्रशंसा चिकित्सकों द्वारा की गई। एनएसएस के छात्रों द्वारा सभी कॉलेज छात्रों व अन्य लोगों को जागरूक भी किया गया उनके द्वारा सभी को बताया गया कि अभी तक जिसने कोविड-19 की दूसरी डोज नहीं ली है। उसका उनका सुरक्षा चक्र पूरा नहीं हुआ है। इसलिए जल्दी से जल्दी कोविड-19 की पहली डोज लेने के बाद जिन का समय पूरा हो चुका है। बहुत जल्द ही






- **Vaccination Drive**
- **22 नवंबर , 2021**

महाविद्यालय करसोग में वैक्सीनेशन हुई जिसमें 64 विद्यार्थियों को वैक्सीन लगाई इसमें महाविद्यालय करसोग के एनएसएस स्वयंसेवीयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई I स्वयंसेवीयों की प्रशंसा चिकित्सकों द्वारा की गई I








- **<u>नेहरू युवा केंद्र भाषण प्रतियोगिता ( Block Level )</u>**
- **24 नवंबर , 2021**
- बीएड कॉलेज करसोग में नेहरू युवा केंद्र के दवारा ब्लॉक लेवल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें करसोग महाविद्यालय के 5 स्वयसेवियो ने प्रतियोगिता में भाग लिया |













- **विश्व एड्स दिवस**
- **1 दिसंबर , 2021**
- आज महाविद्यालय करसोग  में 1 दिसंबर 2021 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया |इस कार्यक्रम में नारा लेखन और भाषण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया |इसमें रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई   ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, और एड्स के बारे में सभी को जागरूक किया, एड्स के बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया |सभी स्वयंसेवियों के सहयोग से यह कार्यक्रम भली-भांति  संपन्न हुआ |





करसोग कालेज के स्वयंसेवियों ने के लिए मैराथन

करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। जो कालेज परिसर से हनुमान मंदिर चौक तक आयोजित किया गया। इस बारे एनएसएस प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के बैनर तले मैराथन दौड़ में लगभग 70 स्वयंसेवियों ने भाग लिया और साथ ही कालेज परिसर के आसपास की सफाई भी करवाई गई। इस कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य डाक्टर कौशल सिंह और सोनिया चौधरी ने भी अपना पूरा सहयोग दिया बताया गया कि यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें समाज सेवा से जुड़े हुए अन्य कई कार्य भी किए गए रास्तों में भी झाड़ियां काटने का कार्य किया गया तथा इस मौके पर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया





- **आजादी का अमृत्व महोत्सव**
- **15 दिसंबर – 31 दिसंबर , 2021**

"आजादी के अमृतमहोत्सव' 15 DECEMBER से 31 DECEMBER तक चल रहे ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के तहत महाविद्यालय करसोग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी के दवारा संविधान के प्रति शपथ समारोह आयोजित किया | जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 70 स्वयंसेवियो के दवारा संविधान के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहने की शपथ ली और कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी दवारा संविधान के विशेषताएं ,अधिकार और कर्तव्य के बारे में भी बताया गया तथा स्वयंसेवियो दवारा marathon में भाग लिया गया एवं सफाई की अन्य गतिविधियां भी को गई |







राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभा दिखाएंगे करसोग के रविकांत



- <u>**National Youth Festival**</u>
- **22 दिसंबर , 2021**

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव** में महाविद्यालय के <u>Vol. रवि कांत सूर्यवंशी</u> को पांडिचेरी में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित किया गया ।














करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आठ से 10 जनवरी के मध्य 'स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा' का आयोजन ऑनलाइन माध्यम के द्वारा करवाया गया।

- <u>**स्वस्थ बच्चा स्पर्धा**</u>
- **8 जनवरी – 10 जनवरी , 2022**

महाविद्यालय करसोग के एनएसएस स्वयंसेवीयों द्वारा बच्चों को पोस्टर , गांव में जाकर, भाषण द्वारा बच्चों को गांव में जागरूक किया गया ।









- **Vaccination Camp**
- **11 जनवरी , 2022**
- राजकीय महाविद्यालय करसोग में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने भी अपना योगदान दिया और उन्होंने चिकित्सकों को भी अपना भरपूर सहयोग दिया! इस वैक्सीनेशन कैंप में कुल 132 छात्रों को वैक्सीन लगाई गई ,जिनमें की 119 हमारे महाविद्यालय के छात्र शामिल थे और 13 छात्र बाहर से थें! जिसमें स्वयंसेवियों ने कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए वैक्सीनेशन के लिए आए लोगों का सोशल डिस्टेंसिंग के साथ पूरा ध्यान रखा! इसमें वैक्सीनेशन के लिए आए चिकित्सकों की टीम ने सभी स्वसेवियों के इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में ऐसे सामाजिक कार्य करने की सलाह दी!अत: आज का यह वैक्सीनेशन कार्यक्रम सभी स्वयंसेवियों, अध्यापकों और चिकित्सकों कि सहायता से और कोविड-19 के दिशा निर्देशों को मध्य नजर रखते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर महाविद्यालय करसोग में सुने गए प्रधानमंत्री के विचार

करसोग। बुधवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांडिचेरी में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया तथा ऑनलाइन माध्यम से स्वयंसेवियों को जागरूक किया। जहां के लिए की महाविद्यालय करसोग से एक स्वयंसेवी रविकांत का चयन हुआ था तथा ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय से 30 स्वयंसेवियों ने भी इसमें भाग लिया। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और पांडिचेरी के मुख्यमंत्री भी जुड़े थे। प्रेस सचिव पूजा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय करसोग से तीन स्वयंसेवियों ने भी 2047 के सपनों का भारत पर निबंध लेखन के माध्यम से भी अपने विचार व्यक्त किए। ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना और उनके बताए गए विचारों का सभी ने अनुसरण किया।

## करसोग कालेज के स्वयंसेवियों ने देखा कार्यक्रम

करसोग। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 जनवरी को पुदुचेरी में आरंभ हुआ। युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पांडिचेरी में 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आगाज किया तथा ऑनलाइन माध्यम से स्वयंसेवियों को जागरूक किया। राजकीय महाविद्यालय करसोग से एक स्वयंसेवी रविकांत का चयन हुआ था परंतु कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने के कारण यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुआ। राजकीय महाविद्यालय करसोग के 40 स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी के साथ इस वर्चुअल कार्यक्रम में भाग लिया।





- **राष्ट्रीय युवा महोत्सव**
- **12 जनवरी , 2022**
- राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भारत सरकार के प्रधानमंत्री तथा युवा एवम् खेल मंत्रालय मंत्री के साथ 30 से अधिक स्वयसेवीयों के साथ इंटरेक्शन किया ।




## ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से सूर्य नमस्कार

करसोग। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय करसोग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने अपने-अपने घरों में रहकर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से सूर्य नमस्कार किया और साथ ही अपने घर वालों, गांव के अन्य लोगों को सूर्य नमस्कार करवाया। यह कार्यक्रम भारत सरकार आयुष मंत्रालय गाइडलाइन के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत करवाया गया। कोरोना महामारी को देखते हुए आयुष मंत्रालय ने लोगों से कहा था कि वे अपने घर पर ही सूर्य नमस्कार करें और वीडियो अपलोड करें। मंत्रालय ने कहा है कि ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत के रूप में सूर्य न केवल पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह मानव के मन और शरीर को भी सक्रिय करता है। सूर्य के संपर्क में आने से शरीर को विटामिन डी मिलता है, जिसे दुनियाभर के डाक्टर जरूरी बताते हैं।

- **मकर संक्रान्ति**
- **14 जनवरी , 2021**

सम्पूर्ण भारत वर्ष में मकर संक्रांति का पविन त्योहार मनाया जा रहा है। इस दौरान देश भर में सूर्य नमस्कार के माध्यम से मकर संक्रांति का यह पावन त्यौहार मनाया गया । यह आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से मनाया गया। हमारे महाविद्यालय करसोग से भी स्वयसेवियों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया।













- <u>**मिशन ज्ञानोदय**</u>
- **21 जनवरी , 2022**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करसोग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली द्वारा मिलकर मिशन ज्ञानोदय को चला रहे है | राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के द्वारा एक बहुत ही अच्छी मुहिम की गई है इसके लिए पूरी संजौली nss unit बधाई के पात्र है| हमारी इकाई सबसे पहले GC saunjoli के स्वयंसेवी हर्ष ठाकर तथा पूरी संजौली nss unit का धन्यवाद करना चाहते है जिन्होंने हमें इस मिशन से अवगत करवाया और हमें इस मिशन में जोड़ा |

इस कार्य की महाविद्यालय करसोग nss unit की कार्यक्रम अधिकारी DR. Soniya Choudhry ने काफी सराहना की ओर इस मिशन को सफल करने के लिए वो अपना पूरा सहयोग देंगे ये उन्होंने आश्वासन दिया है|











- **Online webinar Of Himachal Day**
- **23 जनवरी , 2021**

सवयंसेवियों द्वारा हिमाचल दिवस के उपलक्ष पर ऑनलाइन वेबिनार में हिस्सा लिया गया ।
















- **राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस**
- **24 जनवरी , 2022**

महाविद्यालय करसोग की एनएसएस ईकाई नें कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी के सहयोग से इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया इसके उपलक्ष्य पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । जैसे online poster making/awareness, slogan writing, Declamation, painting, poetry । स्वयंसेवीयों ने इसमें बढचढ कर भाग लिया














- **26 जनवरी – गणतंत्र दिवस**
- **26 जनवरी , 2022**

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई करसोग के 16 स्वयंसेवियों ने खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी एवं बीरबल सिंह की अगुवाई में भाग लिया |



Government College Karsog

National Service Scheme

Seven Day Special Camp

REPORT

13 February - 19 February
2021 - 2022





करसोग कालेज में शुरू हुआ एनएसएस शिविर











- **सात दिवसीय विशेष आवास शिविर**
- **13 फरवरी – 19 फरवरी , 2022**
- सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर महाविद्यालय करसोग प्राचार्य Dr. गुलशन महाजन की अध्यक्षता में शुरू हुआ महाविद्यालय परिसर में 13 फरवरी 2022 से 19 फरवरी 2022 तक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सोनिया चौधरी व श्री बीरबल सिंह के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 56 स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।
















- **Capacity building programme on Entrepreneurship Development**

- **21 फरवरी – 23 फरवरी , 2022**

- **RGNIYD चंडीगढ़** में एनएसएस ट्रेनिंग कैंप के दौरान हमारे महाविद्यालय से चार स्वयंसेवी Vol. डोली राज Vol. कुमार सोनू Vol. शिफाली मेहता एवं Vol. रुचि मेहता ने 3 दिन के कैंप में हिस्सा लिया ।












- **अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**
- **8 मार्च , 2022**

महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बनाया गया । कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथी डॉ गुलशन महाजन जी द्वारा किया गया । इसके बाद इसमें विभिन्न प्रकार की गतिवीधियो का आयोज़न किया गया । जैसे मेहन्दी प्रतियोगिता ,संगीत ,भाषण प्रतियोगिता Poster making Slogn आदि । प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार भी दिये गये । सभी स्वयंसेवीयों के सहयोग से आज का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।















- **त्रिवेणी महोत्सव**
- **13 मार्च , 2022**
- NSS स्वयंसेवीयो ने NCC तथा R&R इकाई के साथ मिलकर त्रिवेणी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था पुरुस्कार प्राप्त किए ।









- **23 मार्च :- शहीद दिवस**

- **23 मार्च , 2022**

शहीदी दिवस के इस उपलक्ष पर महाविद्यालय करसोग के स्वयंसेवियों द्वारा हमारे देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा आज सुबह 10:00 बजे हिमाचल प्रदेश के एनएसएस स्वयंसेवियों ने हमारे देश के माननीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ( युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय) के साथ ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार किया। उसके पश्चात सभी स्वयंसेवी के द्वारा हमारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी मैम की अध्यक्षता में हमारे देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई।